प्रेषक,

महत्वपूर्ण / समयबद्ध

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

01. समस्त उपशिक्षा निदेशक / प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
उत्तर प्रदेश।

02. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : डी.एल.एड. परीक्षा / 395–400 / 2026–27, दिनांक 30 अप्रैल 2026

विषय : डी0एल0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा मई–2026 आयोजित की जाने वाली परीक्षा तिथि में संशोधन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या : डी.एल.एड. परीक्षा / 198–2023 / 2026–27, दिनांक 15 अप्रैल 2026 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके कम में डी0एल0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 11.05.2026 से 16.05.2026 तक सम्पादित कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्र का प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश आपको दिये गये थे, जिसके कम में अधिकांश जनपदों से परीक्षा केन्द्रों की सूची कार्यालय को प्राप्त हो चुकी है।

अवगत कराना है कि कतिपय जनपदों द्वारा दिनांक 04.05.2026 से 12.05.2026 तक आयोजित फार्मेसी पाठ्यक्रम की परीक्षा हेतु जनपद के राजकीय इ0का0 / राजकीय बा0इ0का0 परीक्षा केन्द्र निर्धारित होने के कारण डी0एल0एड0 परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जाने में आ रही कठिनाई से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किया गया साथ ही उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 16.05.2026 एवं 17.05.2026 तक आयोजित की जाने वाली सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी मुख्य परीक्षा–2025 के दृष्टिगत विभिन्न डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं द्वारा सामूहिक पत्र / ईमेल के माध्यम से उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के कारण दिनांक 16.05.2026 को प्रस्तावित डी0एल0एड0 परीक्षा की तिथि परिवर्तित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

सम्यक् विचारोपरान्त परीक्षार्थियों के समेकित हितों को ध्यान में रखते हुए, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ से अनुमोदित परीक्षा कार्यकम के अनुसार **डी0एल0एड0 द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 13.05.2026 से 15.05.2026 तक एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 18.05.2026 से 20.05.2026 तक** सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः जिन जनपदों द्वारा परीक्षा केन्द्रों की सूची अद्यतन उपलब्ध नही करायी गयी है उन्हें निर्देशित किया जाता है कि आज ही परीक्षा केन्द्रों की सूची ईमेल के माध्यम से कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें, कार्यालय के पत्र दिनांक 15 अप्रैल 2026 में दिये गये अन्य निर्देश यथावत् रहेंगें।

संशोधित परीक्षा कार्यक्रम संलग्न।

भवदीय
30.4.2026
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृ0सं0 : डी.एल.एड. परीक्षा / 395–400 / 2026–27, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. शिक्षा निदेशक माध्यमिक, 18 पार्क रोड उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

30.4.2026
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

कार्यालय–परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

डी0एल0एड0 परीक्षा – मई 2026 का संशोधित कार्यक्रम

(द्वितीय सेमेस्टर)

प्रश्नपत्र	विषय	दिनांक	समय
प्रथम प्रश्न पत्र	वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा	13.05.2026	10.00 बजे से 12.00 बजे तक
द्वितीय प्रश्न पत्र	प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास	13.05.2026	01.30 बजे से 03.30 बजे तक
तृतीय प्रश्न पत्र	विज्ञान	14.05.2026	10.00 बजे से 11.00 बजे तक
चतुर्थ प्रश्न पत्र	गणित	14.05.2026	11.30 बजे से 12.30 बजे तक
पंचम प्रश्न पत्र	सामाजिक अध्ययन	14.05.2026	02.00 बजे से 04.00 बजे तक
षष्टम प्रश्न पत्र	हिन्दी	15.05.2026	10.00 बजे से 11.00 बजे तक
सप्तम् प्रश्न पत्र	अंग्रेजी	15.05.2026	11.30 बजे से 12.30 बजे तक

(चतुर्थ सेमेस्टर)

प्रश्नपत्र	विषय	दिनांक	समय
प्रथम प्रश्न पत्र	आरम्भिक स्तर पर भाषा एंव गणित के पठन–लेखन क्षमता का विकास	18.05.2026	10.00 बजे से 12.00 बजे तक
द्वितीय प्रश्न पत्र	शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशासन	18.05.2026	01.30 बजे से 03.30 बजे तक
तृतीय प्रश्न पत्र	विज्ञान	19.05.2026	10.00 बजे से 11.00 बजे तक
चतुर्थ प्रश्न पत्र	गणित	19.05.2026	11.30 बजे से 12.30 बजे तक
पंचम प्रश्न पत्र	सामाजिक अध्ययन	19.05.2026	02.00 बजे से 04.00 बजे तक
षष्टम प्रश्न पत्र	हिन्दी	20.05.2026	10.00 बजे से 11.00 बजे तक
सप्तम् प्रश्न पत्र	अंग्रेजी	20.05.2026	11.30 बजे से 12.30 बजे तक
अष्टम प्रश्न पत्र	शांति शिक्षा एवं सतत् विकास	20.05.2026	02.00 बजे से 03.00 बजे तक

27.4.2026

सचिव

परीक्षा नियामक प्राधिकारी,

उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।